# VISION IAS

www.visionias.in

## GENERAL STUDIES (TEST CODE : 1524)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Name of Candidate | GAGAN SINGH MEENA | | |
| Medium Eng./Hindi | HINDI | Registration Number | 157121 |
| Center | | Date | |

### INDEX TABLE

| Q. No. | Maximum Marks | Marks Obtained |
|---|---|---|
| 1 | 10 | |
| 2 | 10 | |
| 3 | 10 | |
| 4 | 10 | |
| 5 | 10 | |
| 6 | 10 | |
| 7 | 10 | |
| 8 | 10 | |
| 9 | 10 | |
| 10 | 10 | |
| 11 | 15 | |
| 12 | 15 | |
| 13 | 15 | |
| 14 | 15 | |
| 15 | 15 | |
| 16 | 15 | |
| 17 | 15 | |
| 18 | 15 | |
| 19 | 15 | |
| 20 | 15 | |

Total Marks Obtained:

Remarks:

### INSTRUCTIONS

1. Do furnish the appropriate details in the answer sheet (viz. Name, Registration Number and Test Code).
   उत्तर पुस्तिका में सूचनाएं भरना आवश्यक है (नाम, प्रश्न–पत्र कोड, विद्यार्थी क्रमांक आदि)।
2. There are **TWENTY** questions printed in **ENGLISH & HINDI**
   इसमें बीस प्रश्न हैं अंग्रेजी और हिन्दी में छपे हैं।
3. **All questions are compulsory.**
   सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. The number of marks carried by a question/part is indicated against it.
   प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
5. Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate, which must be stated clearly on the cover of this Question-Cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other that the authorized one.
   प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश पत्र में किया गया है और उस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न–सह–उत्तर (क्यूसीए) पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिए गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।
6. Word limit in questions, if specified, should be adhered to.
   प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।
7. Any page or portion of the page left blank in the Question-Cum-Answer Booklet must be clearly struck off.
   उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

16-B, 2nd Floor, Above National Trust Building, Bada Bazar Marg, Old Rajinder Nagar, Delhi-110060

Plot No. 857, 1st Floor, Banda Bahadur Marg (Opp Punjab & Sindh Bank), Dr. Mukherjee Nagar Delhi- 110009

Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

1. Tenancy reforms are much needed to give a boost to the Indian agricultural sector. Comment. In this context, also discuss the significance of the Model Land Leasing Act, 2016.
(150 words) 10
भारतीय कृषि क्षेत्रक को बढ़ावा देने के लिए काश्तकारी सुधारों की अत्यंत आवश्यकता है। टिप्पणी कीजिए। इस संदर्भ में, मॉडल भूमि पट्टा अधिनियम, 2016 के महत्व की भी विवेचना कीजिए।

नीति आयोग द्वारा गठित टी. हक ~~समिति~~ समिति की अनुशंसा पर काश्तकारी सुधारों के लिए मॉडल भूमि पट्टा अधिनियम 2016 जारी किया गया

काश्तकारी सुधारों की आवश्यकता

① कृषिजोतों के आकार का कम होना
2014-15 से 1.15 से 1.08 हेक्टेयर

② 86% किसान लघु व सीमान्त है जिनके पास केवल 47% भूमि है।

③ पट्टेदारों तक संस्थागत ऋणों की पहुंच सुनिश्चित करना। वर्तमान मे 28% ऋण गैर-संस्थागत स्रोतों से
(नाबार्ड)

Don't write anything in this margin

④ 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करना

मॉडल कृषि पट्टा अधिनियम 2016

① काश्तकार तथा भूस्वामी के मध्य औपचारिक पट्टा समझौता

② भू-स्वामी का अधिकार बना रहेगा

③ काश्तकार की संस्थागत ऋण तक पहुंच

④ भूमि में निवेश के उपयुक्त भाग को काश्तकार भू-स्वामी से प्राप्त कर सकता है।

कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए क्रमबद्ध सुधारों के साथ कृषि की उत्पादकता तथा महत्ता बढ़ाने के लिए स्थाई कृषि को अपनाया जाना चाहिए।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

2. Identify the various challenges that have restricted the entry of Indian MSMEs into the foreign market. Also mention some government initiatives that have been taken to facilitate MSME exports. (150 words) 10

विदेशी बाजारों में भारतीय MSMEs के प्रवेश को बाधित करने वाली विभिन्न चुनौतियों की पहचान कीजिए। साथ ही, MSME के निर्यात को सुगम बनाने के लिए सरकार द्वारा की गई कुछ पहलों का भी उल्लेख कीजिए।

5.5 करोड़ MSME 13 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करते है जिनका भारतीय GDP मे 29% तथा ~~ ~~ निर्यात मे 45% योगदान है।

**MSME द्वारा विदेशी बाजार मे चुनौतियाँ**

① नॉन टैरिफ बैरियर:
- WTO के SPS तथा TBT मानकों के आधार पर प्रतिबंध

② निम्न तकनीकी के कारण भारतीय उत्पाद विदेशी बाजार में अप्रतिस्पर्धी हो जाते है।

③ गुणवत्ता मानक, कॉडेक्स मानक की कमी के कारण

④ इकॉनॉमी ऑफ स्केल की कमी।



Scanned with CamScanner

Don't write anything in this margin

⑤ R&D में निम्न निवेश जिससे msme उत्पाद बेहतर उत्पादक गुणवत्ता के नहीं होते है।

भारत सरकार द्वारा प्रयास

① msme को सस्ता ऋण के लिए psb loan in 59 मिनट योजना।

② GST पंजीकृत msme को 2% ब्याज सहायता।

③ e-Biz पोर्टल द्वारा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस।

④ आत्मनिर्भर भारत के दौरान फंड ऑफ फंड्स का सृजन।

msme की चुनौतियों को खत्म करके भारत 2024-25 तक 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था को प्राप्त कर सकेगा।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

3. India's march towards inclusive growth and it achieving the Sustainable Development Goals are intricately linked. Discuss. (150 words) 10
समावेशी विकास की दिशा में भारत की प्रगति और संधारणीय विकास लक्ष्यों की प्राप्ति जटिल रूप से जुड़े हुए हैं। चर्चा कीजिए।

समावेशी विकास वह विकास है जो समाज के प्रत्येक नागरिकों के बीच संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करे तथा प्रत्येक वर्गों के बीच असमानता को कम करे।

समावेशी विकास तथा SDG लक्ष्य

① SDG 1: भुखमरी खत्म करना
- भारत द्वारा MDM, NFSA, अन्नपूर्णा स्कीम द्वारा भुखमरी को खत्म करने का लक्ष्य
- राष्ट्रीय पोषण मिशन, बायोफोर्टिफिकेशन

② SDG 2: गरीबी को खत्म करना
- 2005-06 से 2015-16 तक 27 करोड़ लोग गरीबी से बाहर (UNDP)

Don't write anything in margin

• मनरेगा, PMAY, PMJAY, कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन।

③ SDG-3: बेहतर स्वास्थ्य ~~स्वच्छता तथा पेयजल तथा स्वास्थ्य~~

• ~~स्वच्छ भारत मिशन (ODF & ODF++)~~

• आयुष्मान भारत → PMJAY

• राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति

④ SDG-4: बेहतर तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020)

⑤ स्वच्छता तथा पेयजल की सुविधा उपलब्ध करना

⑥ लैंगिक भेदभाव तथा प्रत्येक रूप से असमानता को खत्म करना (SDG 8)

~~भारत~~ SDGs तथा समावेशी विकास को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक हितधारकों के बीच सहयोग तथा समन्वय आवश्यक है।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ मत लिखें)

4. Highlight the need for evolving an appropriate system of Rules Of Origin in regional trading arrangements. What steps have been taken by India recently in this regard? (150 words) 10

क्षेत्रीय व्यापार व्यवस्थाओं में उत्पत्ति के नियमों की एक उपयुक्त प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए। हाल ही में, भारत द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्पत्ति के नियम किसी उत्पाद के मूल स्त्रोत के बारे में जानकारी प्रदान करते है। हाल ही में भारत द्वारा उत्पत्ति के नियमों को लेकर RCEP में भाग लेने से मना किया है।

क्षेत्रीय व्यापार व्यवस्थाओं में ROO की आवश्यकता

---

1. देशों द्वारा दी गई अत्यधिक सब्सिडी का पता लगाना
2. डंपिंग तथा टैरिफ शुल्कों को लागू करना
3. स्वच्छता तथा स्वास्थ्य संबंधी मानकों को बनाना
4. देशों के बीच व्यापार घाटे पर संतुलन स्थापित करना



Scanned with CamScanner

⑤ स्थानीय उत्पादों तथा उद्योगों को संरक्षण प्रदान करना

⑥ राष्ट्रीय सुरक्षा विशेष रूप से रक्षा हथियारों की खरीद के दौरान।

भारत द्वारा उठाये कदम

① वित्त मंत्रालय द्वारा नोटिस जारी किया है जिसमें प्रत्येक आयात वस्तु पर उत्पत्ति के नियम की अनिवार्य आवश्यकता

② ई-कामर्स प्लेटफार्म के लिए अनिवार्य

③ रक्षा औद्योगिक प्रक्रिया 2020 के अंतर्गत ROO का प्रावधान

भारत सरकार को ROO प्रावधानों में अधिक पारदर्शिता रखनी चाहिए ताकि ईज आफ डूइंग बिजनेस प्रभावित ना हो।



Scanned with CamScanner

5. MSP regime is a creation of an era of scarcity in the 1960s. Discuss its relevance in the current era of surplus agricultural production.

(150 words) 10

MSP व्यवस्था 1960 के दशक के अभावग्रस्तता के युग का एक आविष्कार है। अधिशेष कृषि उत्पादन के वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता की विवेचना कीजिए।

MSP सरकार द्वारा वह न्यूनतम मूल्य है। जिस पर किसान बाजार में उपज का दाम कम होने पर MSP कीमत पर सरकार को बेच सकता है।

MSP का उद्देश्य

① किसानों को कृषि उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करना

② बाजार अनिश्चितता से सुरक्षा प्रदान करना

③ 1960 में भारत को आत्मनिर्भरता

④ खाद्य सुरक्षा प्रदान करना।

MSP की प्रासंगिकता

(a) MSP को बनाए रखना

- कृषि एक अलाभकारी कार्य है।
- कृषकों को निश्चित खरीद की



Scanned with CamScanner

Don't write anything in margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

सहायता प्रदान करता है

- 86% किसान लघु व सीमान्त है
- भारत की खाद्य सुरक्षा के लिए आवश्यक है

**MSP के विपक्ष में तर्क**

- केवल 6% किसानों को MSP की जानकारी (शांताकुमार समिति)
- बड़े किसानों तथा राज्य विशेषों को फायदा
- फसल का विविधीकरण प्रभावित तथा भूजल उपलब्धता में कमी।
- कृषि पैटर्न में नकारात्मक बदलाव।

वर्तमान में भी MSP की प्रासंगिकता तो है लेकिन साथ ही MSP को तर्कसंगत करने की आवश्यकता है जिसमें PM-आशा तथा मूल्य भुगतान न्यूनता योजना को लागू किया जा सकता है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

6. Examine the link between the recent locust attack and climate change. (150 words) 10

हाल ही में हुए टिड्डियों के हमले और जलवायु परिवर्तन के मध्य संबंध का परीक्षण कीजिए।

टिड्डियां ग्रासहूपर समुदाय का कीट है जो एक छोटे से समय अंतराल में बड़ी मात्रा में फसलों को नुकसान पहुंचाता है।


**टिड्डियों के हमले तथा जलवायु परिवर्तन**

① भारतीय समुद्री द्विध्रुव (IOD) के सकारात्मक होने के कारण हॉर्न ऑफ अफ्रीका में अधिक वर्षा हुई।

② असामान्य वर्षा द्वारा टिड्डियां पहुंचा पवनों के प्रवाह द्वारा सिंध एशिया की तरफ बढ़ी।

③ ईरान में उपयुक्त नमी ने टिड्डियों को प्रजनन के लिए अनुकूल स्थान प्रदान किया।

④ पाकिस्तान तथा भारत में पश्चिमी विक्षोभ के कारण होने वाली असामान्य वर्षा द्वारा मृदा में नमी पैदा की जिससे टिड्डियों का अत्यधिक प्रजनन हुआ।




टिड्डियों के हमलों की समयपूर्व सूचना के लिए FAO के अंतर्गत डेजर्ट टिड्डिया वार्निंग सिस्टम के अंतर्गत देशों को कार्य करना चाहिए।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

7. Highlighting the properties of Carbon Nanotubes, discuss its applications. (150 words) 10

कार्बन नैनोट्यूब्स के गुणधर्मों पर प्रकाश डालते हुए, इसके अनुप्रयोगों की विवेचना कीजिए।

कार्बन नैनोट्यूब्स कार्बन के कृत्रिम अपरूप हैं जिसका उपयोग स्वास्थ्य से लेकर ऊर्जा उत्पादन करने में किया जा सकता है।

**कार्बन नैनोट्यूब्स गुणधर्म**

- ये विद्युत के अत्यधिक सुचालक होते हैं।
- इनका घनत्व तथा द्रव्यमान अत्यंत कम होता है।

**अनुप्रयोग**

① विद्युत का उत्पादन करने में किया जा सकता है जो नवीकरणीय ऊर्जा का स्रोत है।



Scanned with CamScanner

Don't write anything in margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(2) स्वास्थ्य क्षेत्र मे विभिन्न प्रकार के रोगों का इलाज करने मे उपयोग।

(3) रक्षा क्षेत्र में हथियारों का निर्माण किया जा सकता है।

(4) कृषि क्षेत्र मे कार्बन नैनो ट्यूब्स कृषि की उत्पादकता में वृद्धि कर सकते है।

(5) इंजनों के लिए ईंधन बनाने के लिए इनका उपयोग किया जा सकता है।

भारत को नैनो तकनीकी विभाग के अंतर्गत कार्बन नैनो ट्यूब्स के विकास के लिए R&D पर व्यय करना चाहिए।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

8. India's domestic patent regime privileges public health over pharmaceutical industry's interests. Comment. (150 words) 10

भारत की घरेलू पेटेंट व्यवस्था औषध उद्योग के हितों पर सार्वजनिक स्वास्थ्य को विशेषाधिकार प्रदान करती है। टिप्पणी कीजिए।

भारत का औषध उद्योग एक उभरता उद्योग है। विश्व मे उत्पादित जेनेरिक औषधियों का भारत द्वारा 20% का योगदान किया जाता है।

भारतीय पेटेंट व्यवस्था तथा औषध उद्योग

① अनिवार्य लाइसेंस का प्रावधान:

- सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए सरकार किसी भारतीय दवा निर्माता को बिना पेटेंट के जेनेरिक दवा उत्पादन का अधिकार प्रदान कर सकती है।



Scanned with CamScanner

② दवाओं के उच्चतम मूल्य पर सीमा।

- सरकार सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए औषध उत्पाद पर मूल्य सीमा लगाकर उसे बाजार में कम कीमत पर उपलब्ध कराती है।

eg: स्टेंट पर मूल्य सीमा।

③ राष्ट्रीय हित या फिर मानवीय उपयोगी औषधि पर भारतीय निर्माता को लाइसेंस

eg: रेमडेसिविर कैंसर की दवा।

इस प्रकार भारत की पेटेंट व्यवस्था व्यावसायिक उद्देश्य के साथ सामाजिक न्याय को प्राप्त करने का भी प्रावधान करती है।

9. Bring out the arguments surrounding the idea of employing the principle of 'one border - one force' on Indian borders. (150 words) 10

भारतीय सीमाओं पर 'एक सीमा-एक बल' के सिद्धांत का उपयोग करने के विचार के चतुर्दिक व्याप्त तर्कों को स्पष्ट कीजिए।

वर्तमान में भारत में विभिन्न सीमाओं पर अलग-अलग रक्षा बलों द्वारा निगरानी की जाती है जो निम्न है।

ITBP- तिब्बत बॉर्डर (चीन)
BSF - भारत- पाक० तथा बांग्लादेश
असम राइफल → म्यांमार बॉर्डर
SSB → भूटान तथा नेपाल बॉर्डर

एक सीमा एक बल के पक्ष में तर्क

(1) प्रत्येक बॉर्डर बलों के बीच समन्वय तथा आधुनिकता में वृद्धि।

(2) प्रयासों के दोहराव में कमी तथा संसाधनों का उचित उपयोग

(3) संकट की स्थिति में आपसी सहयोग द्वारा जल्दी समाधान।



Scanned with CamScanner

(3) एक सीमा- एक बल सिद्धांत

1. प्रत्येक सीमा की विशिष्ट की प्रकृति का होना

2. भारत-पाकिस्तान तथा भारत - नेपाल सीमा दोनो के उद्देश्य भी अलग है।

3. संसाधनो का खतरे के आधारपर बटवारा संभव है।

4. विशेषज्ञता के कारण खुफिया खतरों के बिन्दुओं को बारिक से पहचान

5. स्थानीय प्रकृति के प्रति जागरूक जनका उपयोग शान्ति स्थापना शांति के लिए उपयोग
eg: NE मे असम राइफल्स

बेहतर सीमा सुरक्षा के लिए विशेषज्ञता को बनाकर विभिन्न बलों के बीच इंटर ऑपरेबिलिटी को बढ़ाना चाहिए



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ न लिखें)

10. Assess the need to create a new cadre of Indian Frontier Administrative Service to undertake the vital tasks at Indian frontiers. (150 words) 10
भारतीय सीमांतों पर महत्वपूर्ण कार्यों को संपादित करने के लिए भारतीय सीमांत प्रशासनिक सेवा का एक नया संवर्ग बनाने की आवश्यकता का मूल्यांकन कीजिए।

भारतीय सीमांत प्रशासनिक सेवा की आवश्यकता।

- एक नया संवर्ग बनाना तथा उसका एक नया कैडर का निर्माण
- प्रतिनायुक्त की निरंतर उपस्थिति
- अधिक खाली पदों की समयपर भर्ती
- विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय
- केन्द्र तथा राज्य के बीच सेतु के रूप में कार्य।
- राष्ट्रीय सुरक्षा को बनाये रखने



Scanned with CamScanner

में सहायता

**संघर्ष बनाने में चुनौतियाँ**

① संविधान संशोधन की आवश्यकता (Art -312)

② केन्द्र व राज्यों के बीच सहयोग की आवश्यकता

③ कैडर निर्धारण में चुनौतियाँ

④ विभिन्न सेवाओं के बीच समन्वय की आवश्यकता



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

11. The main objective of Union Budget 2020-21 is to provide "Ease of Living" to all citizens. Analyse the framework proposed in the Budget 2020-21 to achieve this objective. (250 words) 15

केंद्रीय बजट 2020-21 का मुख्य उद्देश्य सभी नागरिकों को "ईज़ ऑफ़ लिविंग" (जीवन सुगमता) प्रदान करना है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए बजट 2020-21 में प्रस्तावित ढांचे का विश्लेषण कीजिए।

भारत सरकार द्वारा नये भारत के निर्माण के लिए तथा नागरिकों को "ईज़ ऑफ लिविंग" प्रदान करने के लिए बजट 2020-21 में प्रमुख प्रावधान किये जो निम्न है।

(1) स्वास्थ्य क्षेत्र:

① आयुष्मान भारत के अंतर्गत PMJAY (प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना)

② PPP मॉडल पर आकांक्षी जिलों में हॉस्पीटल की स्थापना करना।



Scanned with CamScanner

स्वच्छता तथा जल:

- जल जीवन मिशन द्वारा 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण हाउसहोल्ड तक टेपवाटर कनेक्शन
- ODF से ODF+ तथा ODF++ की तरफ बढ़ना

शिक्षा:

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2019 को लागू करना
- एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की स्थापना करना

कृषि:

- 16 सूत्रीय एजेंडा द्वारा कृषि का रूपांतरण
- 5000 FPO की स्थापना
- किसानों को 2 लाख सोलर पंप प्रदान करना
- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना


Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

अवसंरचना

- 102 लाख करोड़ की NIP द्वारा सामाजिक तथा भौतिक अवसंरचना

स्टार्ट अप:

- स्टार्ट अप की परिभाषा में संशोधन
- सामाजिक उद्यमिता को बढ़ाने के लिए सामाजिक स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना।

सरकार द्वारा "ईज ऑफ लिविंग" द्वारा "ईज ऑफ डूइंग" को अपनाकर 2030 तक SDGs लक्ष्यों को प्राप्त करने में आसानी होगी



Scanned with CamScanner

12. Several challenges are needed to be addressed to realise the full benefits of the recent agricultural marketing reforms. Discuss. (250 words) 15
हालिया कृषि विपणन सुधारों के पूर्ण लाभों को साकार करने के लिए अनेक चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता है। चर्चा कीजिए।

कृषि विपणन एक लंबी श्रृंखला है जिसमें उत्पादन से लेकर परिवहन, भंडारण, प्रसंस्करण तथा बाजार तक की आपूर्ति श्रृंखला संबंधित होती है।

सरकार द्वारा कृषि विपणन में सुधार

1. कृषि उपज व्यापार तथा वाणिज्य अधिनियम 2020
2. मूल्य आश्वासन तथा कृषि सेवाओं पर किसान समझौता अधिनियम 2020
3. e-NAM (राष्ट्रीय-इलेक्ट्रॉनिक बाजार)
4. 22,000 ग्रामीण हाट बाजार
5. 10,000 FPO स्थापना का लक्ष्य



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

कृषि विपणन में चुनौतियाँ

① बैकवर्ड तथा फारवर्ड लिंकेज का अभाव

② निम्न स्तरीय कृषि इन्फ्रा० जैसे परिवहन, भंडारण, प्रसंस्करण आदि

③ APMC में कार्टेलाइजेशन तथा कृत्रिम रूप से मूल्यों को कम रखना।

④ कृषि विपणन में कुल कृषि बजट का 4-5% व्यय तथा अवसंरचना पर 1% से कम व्यय।

⑤ बाजारों के विखण्डन के कारण किसानों द्वारा डिस्ट्रेस सेल

⑥ पर्याप्त निजी निवेश तथा सीमित भागीदारी



Scanned with CamScanner

समाधान के उपाय

① ग्रामीण क्षेत्रों में वेयरहाउसिंग की स्थापना करना

② विकेन्द्रीकृत खरीद को बढ़ाना

③ e-NAM को NWR( नेगोशियबल वेयर हाउसिंग रसीद) के साथ एकीकरण करना

④ कृषि विपणन पर R&D पर अधिक व्यय करना

⑤ राष्ट्रीय बाजारों का अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के साथ एकीकरण करना।

एक बेहतर कृषि विपणन भारतीय कृषि में एक नयी सदाबहार क्रांति का ला सकता है। इसके लिए हमें अशोक दलवई समिति की अनुशंसा को लागू करना चाहिए।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

13. Multimodal transport requires multiple integrations across different modes of transportation. Substantiate. What are the challenges and opportunities associated with multimodal transportation for India? (250 words) 15

बहुविध परिवहन (मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट) के लिए परिवहन के विभिन्न साधनों के मध्य विविध रूप से एकीकरण की आवश्यकता है। पुष्टि कीजिए। भारत के लिए बहुविध परिवहन से जुड़ी चुनौतियां और अवसर क्या है?

मल्टीमोडल परिवहन के अंतर्गत एकल संचालक द्वारा बिन्दु A से बिन्दु B तक माल को पहुचाने के लिए विभिन्न परिवहन के साधनों का उपयोग किया जाता है।

परिवहन के विभिन्न साधनो के मध्य एकीकरण

- सड़क, रेलमार्ग तथा जलमार्ग के बीच कनेक्टिविटी आवश्यक है।
- दुर्गम स्थान पर परिवहन के लिए सड़क परिवहन उपर्युक्त
- एकीकरण द्वारा लागत को कमीकरण
- पोतांतरण से लगने वाले समय को कम करना



Scanned with CamScanner

बहुविध परिवहन में चुनौतियाँ

① अत्यधिक प्रारंभिक लागत विशेष रूप से जल परिवहन से संबंधित।

② वर्तमान में केवल 2 मल्टी मोडल टर्मिनल की उपस्थिति।

③ सड़क मोड पर अत्यधिक दबाव तथा रेलवे में अत्यधिक माल भाड़ा किराया।

④ सरकारी निवेश पर निर्भरता प्राइवेट निवेश का कम होना

⑤ भारतीय नदियों में अधिकतम पानी केवल वर्षा ऋतु में होता है।

⑥ जलपरिवहन की निरंतर ड्रेजिंग तथा गाद को निकालना।



Scanned with CamScanner

अवसर

① वर्तमान मे डेडीकेटेड फ्रेड कॉरिडोर बन रहे है।

② राष्ट्रीय जलमार्ग विकासाधीन है।

③ राष्ट्रीय इन्फ्रा. पाइपलाइन द्वारा इन्फ्रा. में निवेश।

④ 2025 तक भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बडी GDP होगी।

मल्टी मोडल ट्रांसपोर्ट भारत को पेरिस जलवायु समझौतों के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी सहायता करेगा।



Scanned with CamScanner

14. Though COVID-19 pandemic exposes the vulnerability of informal sector and associated labor force in India, it also presents an opportunity to rebalance formal-informal economy dynamics in the country. Discuss (250 words) 15

हालांकि, कोविड-19 महामारी भारत में अनौपचारिक क्षेत्र और संबद्ध श्रम बल की सुभेद्यता को उजागर करती है, लेकिन साथ ही यह देश में औपचारिक-अनौपचारिक अर्थव्यवस्था की गतिशीलता को संतुलित करने का एक अवसर भी प्रस्तुत करती है। चर्चा कीजिए।

अनौपचारिक क्षेत्र वह क्षेत्र होता है जिसमें श्रमिक बिना किसी औपचारिक अनुबंध के कार्य करते है। भारत की श्रम बल में 90% से अधिक श्रमिक अनौपचारिक है।

COVID-19 तथा अनौपचारिक क्षेत्र की सुभेद्यता

- COVID-19 के बाद 80% श्रमिकों की रोजगार खत्म होगया।
- आय में कमी होने से गरीबी रेखा से नीचे चले जाने की संभावना।
- बिना सामाजिक सुरक्षा के रहना तथा मलिन बस्तियों में संक्रमण की

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

अधिक संभावना।

- वहनीय आवास की कमी के कारण श्रमिकों को प्रवासन के लिए बाध्य किया।
- कोई विश्वसनीय डेटाबेस की कमी के कारण सरकारी प्रयासों का लाभ प्राप्त करने में असमर्थ।

## औपचारिक - अनौपचारिक गतिशीलता

1. प्रत्येक श्रमिकों को सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना
2. वहनीय किराये के आवासों का अत्यधिक निर्माण करके आवास की सुरक्षा
3. श्रम संहिता में अनिवार्य औपचारिकरण का प्रावधान करना।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

(4) एक विश्वसनीय डेटाबेस का निर्माण करना

(5) श्रमिकों को पोर्टेबिलिटी करने की सुविधा प्रदान करना।

(6) पेंशन, बीमा, वित्तीय समावेशन साथ बैंकिंग सेवा को प्रदान करना

(7) PDS, MDS, NFSA 2013 के साथ-साथ पुनिर्वसित बेसिक इनकम का प्रावधान करना

अनौपचारिक श्रमिकों को भारत की GDP में 50% योगदान है यदि उनका औपचारिकरण किया जाता है तो भारत 2024-25 तक 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था को प्राप्त कर सकेगा



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

15. Highlight the drivers and challenges facing India's ambition to become a gas-based economy. Mention the steps that have been taken by the government recently in this regard. (250 words) 15
गैस आधारित अर्थव्यवस्था बनने की भारत की महत्वाकांक्षा के चालकों और सामना की जाने वाली चुनौतियों को रेखांकित कीजिए। इस संबंध में हाल ही में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख कीजिए।

भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गैस ग्रिड का प्रारंभ किया है ताकि भारत को गैस आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित किया जा सके

भारत की महत्वाकांक्षा के चालक

① 2030 तक INDC लक्ष्यों को प्राप्त करना।

② भारतीयों की जीवन प्रत्याशा में वृद्धि करना तथा "ईज ऑफ लिविंग" सुनिश्चित करना।

③ कार्बन आधारित ईंधन पर निर्भरता को कम करना

④ 2025 तक 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाना।



Scanned with CamScanner

Don't write anything in this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

गैस आधारित अर्थव्यवस्था में चुनौतियाँ

1. आयात पर अत्यधिक निर्भरता तथा स्थानीय गैस रिजर्व का अभाव
2. भारतीय शहरों का अनियोजित विकास।
3. गैस उद्योग तथा शहरों के बीच एकीकरण नहीं।
4. ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाहर पर अत्यधिक निर्भरता तथा 22% जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे।
5. गैस के सुरक्षा मानकों के संबंध में निम्न जागरूकता।
6. बिजली चोरी के समान गैस चोरी का भय बड़े विस्फोट को जन्म दे सकता है।

भारत सरकार के प्रयास

① राष्ट्रीय गैस ग्रिड परियोजना
② गंगा गैस परियोजना
③ pm उज्ज्वला योजना
④ पहल स्कीम
⑤ सिटी गैस वितरण नेटवर्क की स्थापना

WHO के अनुसार काष्ठ पर निर्भरता को कम करके गैस आधारित अर्थव्यवस्था को अपनाने पर प्रत्येक भारतीय की जीवन प्रत्याशा मे 4-5 वर्ष की वृद्धि संभव है।



Scanned with CamScanner

# VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

16. Climate Change and the associated events endanger the marine and coastal ecosystems while increasing the vulnerability of coastal population. Examine. (250 words) 15

जलवायु परिवर्तन और संबद्ध घटनाएं तटीय जनसंख्या की सुभेद्यता को बढ़ाते हुए समुद्री एवं तटीय पारिस्थितिक तंत्रों को खतरे में डालती हैं। परीक्षण कीजिए।

IPCC द्वारा जारी वैश्विक आकलन रिपोर्ट के अनुसार 2100 तक जलवायु परिवर्तन के कारण तटीय जनसंख्या तथा पारिस्थितिक तंत्र सबसे अधिक प्रभावित होगा।

तटीय जनसंख्या की सुभेद्यता

- लवणीय जल के तटीय राज्यों में प्रवेश पर अलवणीय जल की कमी तथा जल संकट का सामना
  eg: केपटाउन
- चक्रवातों के कारण बड़े स्तर पर जान-माल की हानि।

- बाढ़ विभिन्न प्रकार की जलजनित बीमारियों को जन्म देती है।

- सुनामी के कारण घरों तथा मानव के नष्ट भ्रष्ट होने के कारण GDP तथा अर्थव्यवस्था को क्षति हानि।

- तापमान में वृद्धि के कारण जलस्तर में वृद्धि हो रही है जिससे तटीय जनसंख्या के विस्थापन की आवश्यकता होगी।

मानवी तथा तटीय पारिस्थितिकी पर प्रभाव

1. जलवायु परिवर्तन द्वारा बड़े स्तरपर कोरल ब्लीचिंग की घटना घटित हो रही है
   eg: ग्रेट बैरियर रीफ (AUS) तथा ओकिनावा द्वीप (जापान)



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

② समुद्री जीवों, मछलियों के लिए आवास की कमी।

③ डेड जोन को निर्माण से बड़े स्तरपर प्रजातियों का विलोपन होना

④ मैंग्रोव, वेटलैंड्स के अस्तित्व को खतरा उत्पन्न हो रहा है।

⑤ बाहरी प्रजाति के आगमन के कारण स्थानीय प्रजातियों का विलोपन हो रहा है।

बढ़ते जलवायु परिवर्तन तथा इसके प्रभावों को रोकने के लिए राष्ट्रों को पेरिस समझौता, मांट्रियल प्रोटोकॉल तथा SDG लक्ष्यों को प्रतिबद्धता से लागू करना चाहिए।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

17. Using examples, highlight how natural ecosystems perform different hazard mitigation functions. (250 words) 15

उदाहरणों का उपयोग करते हुए, रेखांकित कीजिए कि प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र किस प्रकार अलग-अलग संकट के शमन का कार्य करते हैं।

प्रकृति में पाये जाने विभिन्न तंत्र का संयोजन प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करता है।

प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा संकट का शमन

① मंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र

- बाढ़ तथा सुनामी से रक्षा
- चक्रवात तथा समुद्र के बढ़ते पानी से सुरक्षा
- तट के लिए वृक्ष मेखला का कार्य करते हैं।

② नदी पारिस्थितिकी तंत्र :

- नदी की प्राकृतिक प्रवाह प्रदूषण को कम करता है।



Scanned with CamScanner

Don't write anything in this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

- पानी को स्वच्छ बनाये रखना

③ वेटलैंड पारिस्थितिकी तंत्र:

- प्रदूषण अवशोषक के रूप में कार्य
- $CO_2$ का अवशोषण करते हैं।
- पानी के लिए फिल्टर का कार्य करते है।

④ शहरी पारिस्थितिकी तंत्र:

- प्लास्टिक कचरे का निपटान
- कोरल को आवास देकर तटीय पारिस्थितिकी की रक्षा।

⑤ ब्रह्मपुत्र नदी पारिस्थितिकी तंत्र:

- सबसे अत्यधिक उत्पादकता वाला सक्रिय
- नदियों के प्रदूषण को फिल्टर करता है।

6



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin

- तटों को अपरदन/लहरों के कटाव से बचाना।

⑤ वन पारिस्थितिकी तंत्र

- CO₂ का अवशोषण
- मृदा अपरदन को कम करते हैं।
- बाढ़ के प्रभाव को कम करते हैं।
- मरुस्थलन द्वारा हानि को कम करते हैं।

~~स्वस्थ~~ पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण तथा संवर्धन हम सबका कर्तव्य है भारत का संविधान DPSP तथा मूल कर्तव्य के द्वारा पर्यावरण पारिस्थितिकी के संरक्षण का प्रावधान करता है।



Scanned with CamScanner

18. Explain what genome sequencing is and state the challenges in scaling up genome sequencing projects. Also, throw some light on the recently launched IndiGen Project. (250 words) 15

व्याख्या कीजिए कि जीनोम अनुक्रमण क्या है और जीनोम अनुक्रमण परियोजनाओं को बढ़ावा देने में विद्यमान चुनौतियों का वर्णन कीजिए। साथ ही, हाल ही में आरंभ की गई इंडिजेन (IndiGen) परियोजना पर कुछ प्रकाश डालिए।

किसी जीव के जीन में उपस्थित समस्त क्षार क्रमों के अनुक्रम को पहचानना जीनोम अनुक्रमण कहला कहलाता है।

मनुष्य मे 3 लाख से अधिक क्षार-युग्म पाये जाते है जिनमे लगभग 99% प्रत्येक व्यक्ति में समान होते है।

जीनोम अनुक्रमण परियोजना में चुनौतियाँ

① निजता संबधी मुद्दा।

- मानव के जीनोम को समझकर उसकी आनुवांशिक कारकों के बारे मे पता।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

② परियोजना में अत्यधिक वित्त की आवश्यकता

③ जीनोम के अनुक्रमण करने के लिए उच्च गुणवत्ता के कम्प्यूटर (सुपर कम्प्यूटर) की आवश्यकता होती है।

④ प्राप्त किये गये डाटा का संरक्षण तथा उसकी सुरक्षा

⑤ R&D पर उच्च निवेश की आवश्यकता।

⑥ जीनोम अनुक्रमण का उपयोग बीमा कंपनियों द्वारा व्यक्ति को बीमा के लाभ से वंचित करने के लिए जाए



Scanned with CamScanner

इंडिजेन परियोजना

- CSIR द्वारा भारतीयों का संदर्भ जीनोम अनुक्रमण बनाने के लिए पूरे देश से 1000 व्यक्तियों का जीनोम अनुक्रमण किया गया है।
- इस परियोजना का उद्देश्य भारत विशिष्ट जीनोम तैयार करके विभिन्न प्रकार के इलाजों को बेहतर करना है।

भारत सरकार द्वारा जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट, उम्मीद तथा अर्थ जीनोम को भी प्रारंभ किया है।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

19. India needs to avert radicalisation and societal dissention, as internal faultlines are a breeding ground for cyber and transnational terrorism. Discuss. (250 words) 15

भारत को कट्टरपंथीकरण और सामाजिक मतभेदों को रोकने की आवश्यकता है, क्योंकि आंतरिक दरारें साइबर एवं पार-राष्ट्रीय आतंकवाद का जनन स्थल होती हैं। चर्चा कीजिए।

एक अध्ययन के अनुसार भारत में प्रत्येक 10 मिनट में एक साइबर अपराध होता है तथा भारत विश्व के शीर्ष 5 आतंकवाद प्रभावित देशों में शामिल है।

**कट्टरपंथीकरण तथा सामाजिक मतभेदों से संबंधित चिंताएं**

① आतंकवाद का खतरा: पाकिस्तान द्वारा प्रॉक्सीवार के रूप में भारतीय मतभेदों का उपयोग किया जाना
eg: NRC तथा CAA विरोध के दौरान

② कट्टरपंथ युवाओं के पथ को भ्रमित करते हैं जिससे वे आतंकवादी गतिविधि में शामिल हो जाते हैं
eg: ISIS में शामिल होना।



Scanned with CamScanner

③ विभिन्न समूहों के मध्य सामाजिक मतभेद आपसी विश्वास को कम करते है। जिसके परिणामस्वरूप सम्प्रदायवाद और अतत: अलगाववाद का जन्म होता है।

eg: N.E में उल्फा तथा NDFB


④ आतंकवादी समूहों द्वारा "लोन वुल्फ" अटैक को बढ़ावा देने के लिए इनका प्रयोग किया जाता है।

⑤ इंटरनेट के बढ़ने के कारण साइबर-सुरक्षा को मजबूत करना चुनौतिपूर्ण होगया है।

⑥ ISIS द्वारा भारत को टारगेट किया जा रहा है।



Scanned with CamScanner




आगे के प्रयास

① विभिन्न समूहों के बीच आपसी सौहार्द बढ़ाना

② युवाओं के लिए काउंसलिंग की व्यवस्था करना

भारत की धर्मनिरपेक्षता, सामासिक संस्कृति तथा सांस्कृतिक विविधता द्वारा प्रत्येक समुदाय के बीच आपसी सौहार्द बढ़ाने का अवसर दिया है



Scanned with CamScanner

20. Given the emerging security challenges, discuss why the establishment of Integrated Theatre Commands is being seen as an important defence reform. (250 words) 15

उभरती हुई सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए, चर्चा कीजिए कि क्यों एकीकृत थियेटर कमान की स्थापना को महत्वपूर्ण रक्षा सुधार के रूप में देखा जा रहा है।

एकीकृत थिएटर कमान के अंतर्गत तीनों सेना; थल, वायु तथा नौ सेना के जवान एक कमांडर के अंतर्गत कार्य करते हैं।

उभरती हुई सुरक्षा चुनौतियां

① दक्षिण एशिया में चीन की बढ़ती आक्रामकता तथा भारत की संप्रभुता को चुनौती देना।
e.g: गलवान घाटी

② पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद तथा बढ़ता छद्म वार को रोकना

③ इराक तथा सीरिया में ISIS के पतन के बाद उसकी खुरासान राज्य स्थापित करने की महत्वाकांक्षा

Don't write anything this margin

④ अफगानिस्तान में तालिबान का बढ़ता प्रभुत्व तथा भारत में आने का डर

⑤ हाइब्रिड वारफेयर, लोन वुल्फ अटैक, साइबर अटैक जैसी नयी चुनौतियाँ।

**एकीकृत थिएटर कमान द्वारा सुधार**

① तीनों सेनाओं के बीच समन्वय तथा सामंजस्य द्वारा कार्य

② संसाधनों के दोहराव को रोकने में सफलता

③ तीनों सेनाओं को समान महत्व तथा एकीकृत थिएटर द्वारा संसाधनों का समान वितरण



Scanned with CamScanner

Don't write anything in the margin

④ आतंकवाद/अलगाववाद तथा बढ़ते अपराध को रोकने में सफलता

**प्रस्तावित थिएटर कमान में चुनौतियाँ**

① वर्तमान में भारत में केवल अंडमान तथा निकोबार में प्रस्तावित थिएटर कमान स्थित है।

② थिएटर कमान का अपर्याप्त अनुभव

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) तथा प्रस्तावित थिएटर कमान की स्थापना भारत के 15000 km लंबी स्थलीय तथा 7500 km समुद्री सीमा की रक्षा करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।



Scanned with CamScanner